सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 208 | इंदौर, बुधवार 11 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

●जनजातीय कार्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को वर्ष 2030-31 तक की निरंतरता के लिए 7,133 करोड़ 17 लाख रूपये की स्वीकृति

# परिवार पेंशन के लिए पात्र सदस्यों में अविवाहित, विधवा और तलाकशुदा पुत्री भी होंगी शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक जनजातीय कार्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की निरंतरता के लिए 7,133 करोड़ 17 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार जनजातीय कार्य विभाग की पीवीटीजी आहार अनुदान योजना के लिए 2,350 करोड़ रूपये, एकीकृत छात्रावास योजना के लिए 1,703 करोड़ 15 लाख रूपये, सीएम राइज विद्यालय योजना के लिए 1,416 करोड़ 91 लाख रूपये, आवास सहायता योजना के लिए 1,110 करोड़ रूपये के साथ ही माध्यमिक शिक्षा मण्डल को शुल्क की प्रतिपूर्ति, अनुसूचित जाति जनजाति के अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति, कक्षा-9वीं की छात्रवृत्ति के लिए 522 करोड़ 8 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास की मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के लिए 31 करोड़ 3 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में वंदे-मातरम् गायन के साथ आरंभ हुई।**



मंत्रि-परिषद ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DA-JGUA) अन्तर्गत विद्युत अधोसंरचना विस्तार द्वारा 63 हजार 77 अविद्युतीकृत घरों एवं 650 अविद्युतीकृत शासकीय संस्थानों के विद्युतीकरण के लिए 366 करोड़ 72 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसमें केन्द्र शासन से अनुदान राशि 220 करोड़ 03 लाख रूपये तथा राज्य शासन का अंश 146 करोड़ 69 लाख रूपये का भार आयेगा। इसके अतिरिक्त (म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा) 8 हजार 521 घरों को ऑफ-ग्रिड से विद्युतीकरण के लिए अनुमानित लागत 97 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

योजना में विद्युतीकरण से संबंधित वितरण प्रणाली निर्माण के लिए योजना लागत की शेष राशि (केन्द्र से प्राप्त अनुदान को छोड़कर) राज्य शासन द्वारा राज्य की वितरण कंपनियों को अंश-पूंजी के रूप में उपलब्ध कराई जायेगी। म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा किए जाने वाले ऑफ ग्रिड विद्युतीकरण (सोलर + बैटरी) के लिए योजना के समस्त व्यय का वहन राज्य शासन द्वारा किया जायेगा।

अनुमोदन अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार वितरण कंपनी स्तर पर निर्धारित सीलिंग कॉस्ट का पालन करते हुए, 2 लाख रुपये प्रति घर तक अनुमानित लागत वाली बसाहटों में राज्य की विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा विद्युत अधोसंरचना निर्माण कर ऑन-लाइन प्रणाली से विद्युतीकरण किया जायेगा। खेतों पर बने घरों के साथ ही 5 घरों से छोटी बसाहटें एवं ऐसी दूरस्थ बसाहटें, जहाँ विद्युतीकरण की औसत लागत रूपये 2 लाख प्रति घर से अधिक है, उनमें म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा 1 किलोवाट क्षमता के ऑफ-ग्रिड प्रणाली (सोलर + बैटरी) से विद्युतीकरण किया जायेगा।

मंत्रि-परिषद द्वारा उच्च न्यायालय और जिला न्यायालय के आई टी संवर्ग में कार्यरत कर्मचारियों को तकनीकी संवर्ग की प्रचलित और भावी भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए सिर्फ एक बार के लिए आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट की स्वीकृति प्रदान की गई। वर्तमान में अनारक्षित वर्ग के लिए 40 वर्ष और आरक्षित वर्ग के लिए 45 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित है।

मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम 2026 तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन का सारांशीकरण) नियम 2026 का अनुमोदन किया गया है। अनुमोदन अनुसार नियम के प्रकाशन के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है।

प्रस्तावित नियमों में प्रक्रियाओं एवं अधिकारिताओं को सहज बनाया गया है, जिससे पेंशनर्स को सुविधा होगी। संबंधित प्रकरणों का निराकरण समयसीमा में हो सकेगा। सेवानिवृत्तों को सारांशीकरण कराया जाने में सुविधा होगी तथा पेंशन सारांशीकरण मूल्य की गणना में सुविधा होगी। मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2026 के नियम-44 के अंतर्गत परिवार पेंशन के लिए पात्र सदस्यों में अविवाहित, विधवा और तलाकशुदा पुत्री को भी सम्मिलित किया गया है।

मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियम 2026 तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत उपदान का संदाय) नियम 2026 का अनुमोदन किया गया है। अनुमोदन अनुसार यह नियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावशील होंगे। नियम के प्रकाशन के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है।

प्रमुख नवीन प्रावधान अंतर्गत अभिदाता की मृत्यु की दशा में परिवार पेंशन का प्रावधान किया गया है। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति और ई-सेवा पुस्तिका संबंधी प्रावधान किया गया है। केन्द्र तथा मध्यप्रदेश शासन की पूर्व सेवाओं को जोड़ा जायेगा। निलम्बन अवधि में अभिदाता तथा नियोक्ता के अंशदान का प्रावधान किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत एवं स्पष्ट प्रक्रिया, अंशदान की दर, गणना एवं विलंब की स्थिति में उत्तरदायित्व निर्धारण के साथ सेवानिवृत्ति, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र एवं मृत्यु की दशा में निकास प्रावधान किया गया है।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत आने वाले शासकीय सेवकों के लिए उपदान की पात्रता निर्धारण एवं भुगतान की सुस्पष्ट प्रक्रिया होगी। विभागीय जांच (सेवा निवृत्ति उपरांत) आदेश के संदर्भ में उपदान से वसूली संभव होगी। विभागीय जांच की अवधि में नियोक्ता के अंशदान का भुगतान रोका जाना, सेवानिवृत्ति के तीन माह पूर्व अभिदाता अंशदान रोका जाना और सेवानिवृत्ति उपरांत विभागीय जांच संस्थित किये जाने का प्रावधान के साथ नियमों के निवर्तन और शिथिलीकरण के संबंध में राज्य शासन की शक्ति के प्रावधान शामिल है।

---

दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि

## पीएम मोदी बोले- उनके सिद्धांत हर पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक

राजनाथ-शाह ने भी नमन किया



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को देश की हर पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बताया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय (1916-1968) एक प्रमुख राजनीतिक चिंतक, अर्थशास्त्री और भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेताओं में से थे। वे अपने दार्शनिक सिद्धांत 'एकात्म मानव दर्शन' के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं।

उनकी विचारधारा का मूल आधार यह था कि विकास केवल भौतिक प्रगति तक सीमित न रहकर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन और सामंजस्य पर जोर दिया। उनके अनुसार, आर्थिक नीतियों का लक्ष्य केवल उत्पादन और उपभोग बढ़ाना नहीं, बल्कि मानव के समग्र विकास को सुनिश्चित करना होना चाहिए। वे 1968 में अपने असामयिक निधन तक भारतीय जनसंघ का नेतृत्व करते रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता व महान राष्ट्रचिंतक बताया। शाह ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र के विकास का मापदंड है और यह विचार देने वाले दीनदयाल जी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंब ने भी उन्हें निस्वार्थ कर्मयोगी और महान विचारक बताते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि एकात्म मानव दर्शन के माध्यम से दिया गया अंत्योदय का मंत्र समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना आज भी विकसित भारत के निर्माण की बुनियाद है। राष्ट्र सेवा और समर्पण के उनके आदर्श सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहे पंडित उपाध्याय को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास की भावना उनकी विचारधारा की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

---

## स्वच्छता गीत और स्वच्छ वार्ड रैंकिंग की हुई लॉन्चिंग

● केंद्रीय मंत्री मांडविया बोले- स्वच्छता एक संस्कार है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत "बढ़ा हाथ-करें सफाई साथ" अभियान के तहत नगर निगम द्वारा मंगलवार को रविंद्र नाट्यगृह में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनसुख लक्ष्मण भाई मांडविया और महापौर पुष्यमित्र भार्गव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। साथ ही विधायक रमेश मेंदोला सहित कई जनप्रतिनिधि, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, निगम अधिकारी-कर्मचारी इसमें मौजूद रहे। स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल के अनुसार कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और महापौर द्वारा स्वच्छता गीत 2025-26 तथा स्वच्छ वार्ड रैंकिंग 2025-26 का शुभारंभ किया गया। साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले स्वच्छता चैंपियन और निगम के 22 जोनल कार्यालयों के उत्कृष्ट सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में सफाई मित्रों ने कई गीत भी प्रस्तुत किए। आयोजन में केंद्रीय मंत्री मनसुख लक्ष्मणभाई मांडविया ने कहा कि उन्हें यहां आकर खुशी महसूस हो रही है, क्योंकि इंदौर की सराहना पूरे देश में स्वच्छ शहर के रूप में होती है।

जनसुनवाई में दिखी संवेदनशील शासन व्यवस्था की मिसाल

# किडनी इलाज से स्वस्थ बालक ने किया आभार व्यक्त

## ● जनसुनवाई से किसी को इलाज, किसी को मकान के लिये मिली मदद







**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील एवं लोककल्याणकारी शासन व्यवस्था को साकार करने के उद्देश्य से प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। आयोजित जनसुनवाई में आज एक भावुक दृश्य देखने को मिला, जब जनसुनवाई से लाभान्वित एक बालक अपनी दोनों किडनी के सफल इलाज के बाद आभार व्यक्त करने कलेक्टर कार्यालय पहुंचा।**

बालक अपने पिता के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हुआ और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उपलब्ध कराई जा रही जनहितकारी व्यवस्थाओं तथा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की संवेदनशीलता के प्रति आभार व्यक्त किया। बालक के पिता रफीक शाह ने बताया कि उनके पुत्र तैयब की दोनों किडनी खराब हो गई थीं। इलाज के लिए समुचित चिकित्सीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई। अस्पताल में उसकी बीमारी की जांच, इलाज से लेकर खान-पान तक हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई गई। महंगे से महंगे इंजेक्शन भी लगवाए गए। इलाज से संबंधित यह पूरा खर्च रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से वहन किया गया।

स्वस्थ होने के बाद बालक तैयब ने अपनी बचत राशि से कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के लिए बिस्कुट का पैकेट खरीदा और आज जनसुनवाई में उन्हें भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान बालक के पिता ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग दंपत्ति श्याम पटेल और उनकी पत्नी सरस्वती पटेल को आवास की सौगात मिली। दिव्यांग श्री श्याम पटेल, जो ई-ऑटो रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, ने बताया कि उनका सपना अपना खुद का घर बनाने का था। इसी उद्देश्य से वे जनसुनवाई में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा से मिले। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उनका आवास स्वीकृत करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही बताया गया कि बुकिंग राशि शासन द्वारा वहन की जाएगी, जबकि शेष राशि हितग्राही को किस्तों में जमा करना होगी। श्याम पटेल ने अपनी बचत से नियमित किस्त जमा करने की बात कही तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

जनसुनवाई में एक अन्य प्रकरण में पीड़ित राजू थोरात अपने हाथ के उपचार के बाद कलेक्टर का धन्यवाद ज्ञापित करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की बेहतर शासन व्यवस्था के कारण आम लोगों की सुनवाई हो रही है और उन्हें समय पर इलाज मिल रहा है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने उनका हाथ पूरी तरह ठीक होने के बाद कृत्रिम हाथ लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश भी दिए।

इसी क्रम में श्रीमती पूजा वोहरा भी अपने पति के सफल उपचार के बाद जनसुनवाई में आभार व्यक्त करने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनके पति के हृदय रोग का उपचार शासन-प्रशासन की मदद से संभव हो पाया और अब उनकी स्थिति काफी बेहतर है। उन्हें आश्वस्त किया गया कि आगे भी आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्रीमती निशा डामोर, श्री रोशन राय, श्री रिकेश वेश्य सहित अन्य अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुनकर हाथो-हाथ निराकरण किया। ऐसी समस्या जो निराकृत नहीं की जा सकती थी उनकी समय-सीमा तय कर निराकृत की जायेगी।

जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर राहत प्रदान की जा रही है, जिससे आमजन में शासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो रहा है। यह जनसुनवाई व्यवस्था की प्रभावशीलता और संवेदनशील प्रशासन की कार्यशैली का जीवंत उदाहरण है, जिससे जरूरतमंदों को त्वरित राहत और सहायता मिल रही है।

# इंदौर में मनाया गया सुरक्षित इंटरनेट दिवस





**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आज इंदौर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार हर वर्ष के फरवरी माह के द्वितीय मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस विश्व भर में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भारत सरकार द्वारा "सुरक्षित इंटरनेट दिवस" को "स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प – एआई (आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस) के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग" पर मनाया जा रहा हैं । विश्व इंटरनेट दिवस पर आज जागरूकता कार्यशाला का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर में किया गया । इस आयोजन मे एनआईसी के निदेशक श्री शैलेंद्र कुमार नाहर, डीआईओ सुश्री शीतल पाठक ने सुरक्षित इंटरनेट विषय पर जानकारी दी और छात्र-छात्राओं से परिचर्चा कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों के प्रति जागृति बढ़ाने और सुरक्षित तरीके से इंटरनेट उपयोग करने की जानकारी भी दी। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।



# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर महाराणा प्रताप अस्पताल को भेंट की एम्बुलेंस

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर।** मंगलवार 10 फरवरी को नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने पूज्य पिताश्री स्वर्गीय श्री शंकरदयाल विजयवर्गीय (काकाजी) की पुण्यतिथि पर उनके द्वारा किये गए सेवा और समर्पण के संस्कारों को आगे बढ़ाने का विनम्र प्रयास किया है। इसी भाव से स्व. श्री शंकरदयाल विजयवर्गीय पारमार्थिक ट्रस्ट की ओर से इंदौर के बाणगंगा स्थित महाराणा प्रताप अस्पताल को एंबुलेंस भेंट की। नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने वहां दौरा किया था और बहुत सारे सुधार कार्य हम उसमें ला रहे हैं। अस्पताल से एक एंबुलेंस की मांग हमसे की गई थी और हमने एक एम्बुलेंस आज अस्पताल को भेंट की।

# श्री अमरेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर तीन-दिवसीय भव्य आयोजन होगा



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर।** अमरेश्वर महादेव मंदिर के संस्थापक राजेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सुभाष नगर स्थित श्री अमरेश्वर महादेव मंदिर पर 51 वर्षो से सतत् महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा इसी अवसर पर मंदिर पर तीन दिवसीय भव्य आयोजन किया जाएगा। 14 फरवरी को अमरेश्वर महादेव को हल्दी मेहंदी उबटन लगाया जायेगा एवं फाग उत्सव भी मनाया जाएगा 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर 2100 लीटर जल एवं दुग्ध इत्र से सहस्त्रधारा तीन घंटे सतत् पंडितों द्वारा किया जायेगा संध्या के समय बाबा अमरेश्वर महादेव की भव्य बारात जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल होंगे आयोजन का समापन 16 फरवरी को शाही भव्य भंडारे के साथ होगा।

# महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, किला भवन की प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में इको क्लब द्वारा पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर से प्लास्टिक बोतलें, परीक्षा में उपयोग की गई पॉलिथीन एवं कैरी बैग एकत्र किए गए। साथ ही महाविद्यालय के बाहर स्थित चाय की दुकान से मिट्टी के कुल्हड़ तथा कैंटीन से खाली दूध के पाउच संग्रहित किए गए, जिनका उपयोग रीसाइक्लिंग के लिए किया जाएगा। संग्रहित सामग्री का उपयोग इको क्लब की कार्यशाला में "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" गतिविधि के अंतर्गत किया जाएगा, जिससे रचनात्मक एवं कलात्मक वस्तुओं का निर्माण किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वस्तुओं के पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में प्रोफेसर रितु मथुरिया, डॉ. अमरीश, डॉ. आशीष कपूर, डॉ. फरीदा जोहर सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन इको क्लब प्रभारी डॉ. पूजा जैन द्वारा किया गया।

# महू रेलवे स्टेशन विस्तार को हरी झंडी, जमीन अधिग्रहण शुरू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में डॉ. आंबेडकर नगर महू रेलवे स्टेशन को लंबी दूरी की ट्रेनों का स्टॉपेज बनाने की कवायद के तहत ब्रॉड गेज लाइन बिछाए जाने के बाद कई ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। हालांकि, स्टेशन परिसर में जगह की कमी के कारण स्टेशन विस्तार और ट्रेनों के ठहराव में परेशानी आ रही थी।**

इसी को देखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा रक्षा मंत्रालय को भूमि अधिग्रहण के लिए पत्र लिखा गया था। रेलवे स्टेशन के समीप स्थित अवैध खान, कंचन विहार और खान कॉलोनी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। अतिक्रमण हटने से रेलवे को लगभग साढ़े तीन एकड़ भूमि उपलब्ध होगी, जिससे स्टेशन विस्तार में आ रही बाधाएं दूर होंगी।मंगलवार को रक्षा संपदा विभाग, कैंट बोर्ड महू और पश्चिम रेलवे के अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान जेसीबी, पोकलेन, डंपर, ट्रैक्टर सहित अन्य भारी मशीनों का उपयोग किया गया। कर्मचारियों द्वारा कई मकानों को हथौड़ों से तोड़ा गया। उल्लेखनीय है कि नोटिस जारी होने के बाद कुछ लोगों ने स्वयं भी अपने अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिए थे। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरपीएफ, जीआरपी और मध्यप्रदेश पुलिस का बल तैनात रहा। अतिक्रमण हटाने के दौरान क्षेत्रवासियों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि वे वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं और मकान टूटने से वे बेसहारा हो जाएंगे। लोगों की आपत्तियों के बावजूद अधिकारियों ने कार्रवाई जारी रखी। इस मामले में राकेश परमार (एसडीएम महू) ने कहा कि रेलवे की जमीन है रक्षा संपदा विभाग द्वारा नोटिस जारी किए थे इसके बाद अवैध रूप से निर्मित मकान एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। डॉ. आंबेडकर नगर महू से मनमाड तथा दाहोद-गोधरा रेल परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। कार्य पूर्ण होने के बाद महू से खंडवा होकर महाराष्ट्र जाने वाली ट्रेनों की संख्या में वृद्धि होगी। वहीं दाहोद–गोधरा लाइन शुरू होने से धार और झाबुआ क्षेत्र के यात्रियों को गुजरात जाने में सुविधा मिलेगी। वर्तमान में महू से रीवा, प्रयागराज इंटरसिटी सहित कई ट्रेनें संचालित हो रही हैं। इसके अलावा कई ट्रेनें महू स्थित लोको शेड में धुलाई के लिए आती हैं। स्टेशन विस्तार के बाद आने वाले दिनों में ट्रेनों की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

# संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में इंदौर संभाग नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में आज इंदौर संभाग नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश 2020 के अंतर्गत बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश के अंतर्गत भूमि आवंटन प्रकरणों पर विचार किया गया। बैठक में इंदौर संभाग के अपर आयुक्त श्री तरूण भटनागर, उपायुक्त (राजस्व) श्रीमती सपना लोवंशी, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के संयुक्त संचालक श्री सुभाशीश बैनर्जी, मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग के वरिष्ठ पंजीयक श्री अमरेश नायडू सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

# प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने हेतु मध्यप्रदेश राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड क्रमांक 6(4) तथा संशोधित प्रावधानों के तहत जिला प्रशासन द्वारा आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। देपालपुर अनुविभागीय अधिकारी श्री आर.एम. त्रिपाठी ने बताया कि इंदौर जिले की तहसील देपालपुर के ग्राम रामपुरिया निवासी स्व. मनीष पिता मुकेश की विगत 28 नवंबर 2025 को कुएं में डूबने से मृत्यु हो गई थी। उक्त दुर्घटना के पश्चात मृतक की पत्नी आवेदिका श्रीमती जया पति स्व. मनीष को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# बस की टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शिप्रा थाना क्षेत्र के मांगलिया टोल के पास सोमवार रात चार्टर्ड बस की टक्कर से एमआईजी निवासी संतोष कुशवाह की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी कपूरीबाई गंभीर रूप से घायल हैं। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार देवास से इंदौर लौट रहे दंपति की एक्टिवा को बस क्रमांक MP13-P7-290 ने ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए और संतोष के सिर के ऊपर से बस का पहिया निकल गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बस व चालक को थाने ले गई। घायल कपूरीबाई का अरविंदो अस्पताल में इलाज जारी है। मृतक के भाई अंकित ने बताया कि परिवार शादी समारोह से लौट रहा था और वह अलग वाहन से पीछे चल रहे थे। बस ने पहले उनकी बाइक को ओवरटेक किया और फिर संतोष की एक्टिवा को टक्कर मार दी। संतोष निजी कार्य करते थे और उनके दो बच्चे हैं।

एबी रोड पर हुए एक अन्य हादसे में खरगोन जिले के ग्राम बकानेर निवासी किसान बाबूलाल कटारे की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह अपनी छोटी बेटी का रिश्ता लेकर भैसलाय गांव आए थे। इसी दौरान एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें पहले निजी अस्पताल ले जाया गया, बाद में एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। बाबूलाल खेती करते थे और उनके दो बेटे व दो बेटियां हैं।

**इंदौर में अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान**

# अमानक व मानव उपभोग हेतु अनुपयुक्त मदिरा व स्प्रिट जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।**

सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देश पर गत दिवस आबकारी विभाग इंदौर द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध एवं अमानक मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। इस दौरान साँवेर वृत्त उप निरीक्षक सुश्री त्रिअंबिका शर्मा द्वारा ग्राम महाराजगंज खेड़ा क्षेत्र में गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर खुले मैदान में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आबकारी अमले ने झाड़ियों के पास से 10 लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई। साथ ही कुछ दूरी पर आबकारी अमले को तलाशी के दौरान नाले के पास से 15 लीटर की केन में गहरे रंग की हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई।

एक अन्य मामले में वृत्त महू 'अ' में मुखबिर की सूचना पर वृत्त प्रभारी श्री पवन टिकेकर द्वारा बड़गोंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत आड़ा पहाड़ के नाले किनारे से आबकारी अमले ने ओवर प्रूफ (OP) स्प्रिट जप्त की गई। प्रथम दृष्टया उक्त स्प्रिट मानव उपभोग हेतु अनुपयुक्त प्रतीत होने से विधिवत सैंपल लेकर



रासायनिक प्रयोगशाला भेजे गए। इस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(फ) एवं 49(क) के अंतर्गत दो पृथक प्रकरण पंजीबद्ध कर जप्त मदिरा के नमूने परीक्षण हेतु एफ.एस.एल. भेजे गए हैं।

आबकारी विभाग द्वारा आमजन के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अवैध, अमानक तथा मानव उपभोग हेतु अनुपयुक्त मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा नागरिकों से आग्रह किया गया है कि इस प्रकार की किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल दें।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय: एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता और समर्थ भारत निर्माण के चिंतक : डॉ. मोहन यादव

**भोपाल। व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का मार्ग दिखाने वाले, विलक्षण व्यक्तित्व के धनी, एकात्म मानव दर्शन और अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चरणों में कोटिशः नमन।**

पं. दीनदयाल जी का जीवन भारत राष्ट्र को दिशा देने वाला प्रकाश स्तंभ है। वे एक ऐसे ऋषि राजनेता थे जो समाज, संस्कृति और राष्ट्र के समग्र उत्थान के लिए समर्पित रहे। उन्होंने राजनीति को राष्ट्रधर्म की साधना का माध्यम माना। उनका स्पष्ट मत था कि स्वतंत्र भारत की यात्रा भारतीय दर्शन, संस्कृति और परंपरा के अनुरूप होनी चाहिए।

पं. दीनदयाल जी ने राजनीतिक चिंतन को भारतीय मूल्यों से जोड़ते हुए एकात्म मानव दर्शन का सूत्र दिया। इसमें व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और सृष्टि के बीच समन्वय और संतुलन समाहित है। यह जीवन और संपूर्ण सृष्टि को एक सूत्र में पिरोता है। यही दर्शन व्यष्टि से समष्टि की रचना करता है। इसमें श्रीकृष्ण के वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से लेकर आज के वैश्विक परिदृश्य का समावेश है।

पं. दीनदयाल जी भारत के भविष्य की कल्पना चतुर्पुरुषार्थ-धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के आधार पर की। उनका विश्वास था कि इन चारों का संतुलन ही व्यक्ति और समाज को पूर्णता की ओर ले जा सकता है। यदि व्यक्ति और समाज को विकास के समान अवसर दिए जाएँ, तो स्वावलंबी और समर्थ समाज का निर्माण संभव है। पं. दीनदयाल जी का मानना था



कि राजनीति का अंतिम लक्ष्य सशक्त, समरस और स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण है। उनका विकास मॉडल केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं था, बल्कि उसमें सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक संतुलन का समावेश था। वे चाहते थे कि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, तभी वह सच्चा विकास कहलाएगा। यही अंत्योदय का भाव है।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत जिस विकास पथ पर अग्रसर है, उसके मूल में पं. दीनदयाल जी का चिंतन है। विरासत से विकास, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और सबका साथ - सबका विकास, यह सभी एकात्म मानव दर्शन के आधुनिक रूप हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का संकल्प है कि वर्ष 2047, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित किया जाए। यह संकल्प पं. दीनदयाल जी के स्वप्निल भारत की ही साकार अभिव्यक्ति है।



मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण की परिकल्पना को मूर्तरूप देने की दिशा में प्रदेश के प्रत्येक अंचल को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के हर क्षेत्र की क्षमता, मेधा और दक्षता को अवसर प्रदान करने के लिए जहां रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का नवाचार किया गया, वहीं भोपाल में संपन्न हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से स्थानीय उद्योगों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। निवेश के लिये हमने यूके, जर्मनी, जापान और दावोस आदि यात्राएं कीं और हैदराबाद, कोयंबटूर सहित मुंबई में रोड-शो के माध्यम से उद्योगपतियों को आमंत्रित किया। यह क्षेत्रीय से वैश्विक स्तर तक उद्योग को जोड़ने का पहला सशक्त प्रयास है।

मुझे यह बताते हुए संतोष है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चिंतन को व्यवहार में उतारने का प्रयत्न किया जा रहा है। समरस, संवेदनशील और उत्तरदायी शासन के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं और विकास के लक्ष्य धरातल पर पहुंच रहे हैं। प्रदेश में गरीब कल्याण, किसान कल्याण, युवा शक्ति और नारी सशक्तिकरण को केन्द्र में रखकर 4 मिशन के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। इससे समाज के सभी वर्गों के कल्याण का लक्ष्य पूर्ण होगा।

पं. दीनदयाल जी ने आर्थिक विकास के लिए कृषि, उद्योग, परिवहन, व्यापार समाज, सुरक्षा एवं सेवा का एक स्पष्ट और व्यावहारिक क्रम बताया। इस क्रम में कृषि प्रधान देश भारत में खेती को प्रथम स्थान देने की आवश्यकता व्यक्त की। उनका मानना था यदि देश में कृषि सुदृढ़ होगी, तो किसानों की आय बढ़ेगी, ग्रामीण जीवन में स्थिरता आएगी और उद्योगों को कच्चा माल एवं श्रम दोनों सहज रूप से उपलब्ध होगा। इससे किसान, उपभोक्ता और समाज तीनों का संतुलन बना रहेगा। पं. दीनदयाल जी खेती की मजबूती और किसानों की समृद्धि को समग्र विकास का आधार मानते थे। मुझे यह बताते हुए संतोष है कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के मार्गदर्शन में किसानों के स्वाभिमान, सुरक्षित जीवन और आत्मनिर्भरता को केन्द्र में रखकर वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसमें आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई, भंडारण और बाजार तक बेहतर पहुंच के माध्यम से खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जाएगा। कृषि आजीविका के साधन के साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने वर्ष 2025-26 किसानों के कल्याण के लिए समर्पित किया है। मध्यप्रदेश में पार्वती-कालीसिंध-चंबल तथा केन-बेतवा नदी लिंक राष्ट्रीय परियोजना सहित ताप्ती ग्राउंड वॉटर रिचार्ज मेगा परियोजना से प्रदेश के 25 जिलों में 16 लाख हेक्टेयर से अधिक अतिरिक्त कृषि रकबा सिंचित होगा। प्रदेश के किसानों के समग्र कल्याण के लिए हर जरूरी कदम उठाया जायेगा।

प्रदेश में श्रीअन्न, सरसों और चना अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जा रही है। इससे श्रीअन्न का उत्पादन और पोषण सुरक्षा को नई ऊंचाई मिलेगी। इन केंद्रों के जरिए फसलों की गुणवत्ता और पैदावार बढ़ाने पर विशेष बल दिया जाएगा। प्रदेश के 30 लाख से अधिक किसानों को अगले तीन साल में सोलर पॉवर पम्प दिये जायेंगे। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 65 लाख हैक्टेयर से बढ़ाकर 100 लाख हैक्टेयर किये जाने का लक्ष्य है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने स्वाभिमानी, स्वावलंबी और विश्व कल्याण में अग्रणी भारत की कल्पना की थी। माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में देश इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। उनका जीवन और दर्शन हम सबको राष्ट्रधर्म के पथ पर निरंतर अग्रसर करता रहेगा।

राष्ट्र निर्माण के अमर साधक पं. दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर पुनः कोटिशः वंदन।

**(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

## पति और पत्नी एक-दूसरे के जीवन साथी के साथ फरार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। जिले में एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां दो अलग-अलग परिवारों के पति और पत्नी एक-दूसरे के जीवनसाथी के साथ फरार हो गए। पीड़ित पति और पत्नी ने इसकी शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन दिया है। पुलिस ने इस मामले में आपसी सहमति से सुलह कराने की बात कही है।**

पुलिस मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को दो ऐसे आवेदन मिले, जिन्होंने उन्हें चौंका दिया। एक आवेदन कल्याण सिंह का था, जिसमें बताया गया कि उनकी पत्नी किरण, राजू केवट के साथ रह रही है। दूसरा आवेदन भारती सिहोते का था, जिसमें लिखा था कि उनके पति राजू केवट उन्हें छोड़कर किरण नामक महिला के साथ रह रहे हैं। यह वही किरण है जो कल्याण सिंह की पत्नी है। कल्याण सिंह और राजू केवट की पत्नी भारती सिहोते ने पुलिस से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सीएसपी मनीष यादव ने जानकारी दी कि ये दोनों ही मामले घरेलू प्रकृति के हैं। पुलिस सभी संबंधित पक्षों को थाने बुलाकर आपसी सहमति से मामले का निपटारा करने का प्रयास करेगी। कल्याण सिंह ने अपने आवेदन में बताया कि उनकी शादी किरण से वर्ष 2015 में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। कल्याण सिंह के अनुसार, पिछले कुछ समय से उनकी पत्नी किरण का व्यवहार बदल गया था। वह घर के कामों पर ध्यान नहीं देती थी और न ही परिवार के सदस्यों, यहां तक कि कल्याण के माता-पिता से भी ठीक से बात नहीं करती थी। जब कल्याण ने इस बारे में पूछा, तो किरण ने कहा कि वह अब उनके साथ नहीं रहना चाहती और किसी और से शादी कर रही है।

## शंकरपुर में जल संकट रहवासियों ने किया चक्काजाम

### 15 दिन से नहीं मिल रहा पानी, मक्सी रोड पर किया प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन के शंकरपुर क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे रहवासियों ने मंगलवार दोपहर चक्काजाम कर दिया। मक्सी रोड पर हुए प्रदर्शन के कारण यातायात बाधित हुआ। निवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ।**



स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र के नलों में कई दिनों से पानी नहीं आ रहा है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को खासी परेशानी हो रही है। उन्हें दूर-दराज के इलाकों से पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। चक्काजाम के कारण मक्सी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भी असुविधा हुई।

सूचना मिलने पर पुलिस और नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि नियमित जल आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो वे अपना आंदोलन और उग्र करेंगे।

मामले में जल कार्य प्रभारी प्रकाश शर्मा ने बताया कि दो साल पहले शंकरपुर क्षेत्र में दो पानी की टंकियों के लिए भूमि पूजन किया गया था और काम भी शुरू हो गया था। हालांकि, अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका। शर्मा ने आगे बताया कि संबंधित कंपनी बैंक गारंटी में डिफॉल्ट कर गई थी, जिसके बाद आयुक्त स्तर से ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव आया। यह ठेका करीब 32 करोड़ रुपए का था, जो अहमदाबाद की तीर्थ गोपिकान कंपनी को दिया गया था। उन्होंने स्वीकार किया कि काम अत्यंत आवश्यक है और निरस्त ठेके के बाद दोबारा निविदा निकालकर शेष कार्य जल्द पूरा किया जाना चाहिए, लेकिन प्रस्ताव को चार महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

## 'किन्नर जिहाद'... भोपाल में किन्नरों का हंगामा, विहिप- बजरंगदल ने की जांच की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** कलेक्टोरेट परिसर में मंगलवार को किन्नरों ने हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि सुरैया गुरु उनका जबरन धर्म परिवर्तन कराना चाह रही है। इस मामले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने जांच की मांग की है। पदाधिकारी भी किन्नरों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे थे। इधर, सुरैया गुरु ने कहा कि यह सिर्फ गद्दी और इलाके की लड़ाई है। धर्म परिवर्तन



की बात गलत है। कलेक्टर के नाम सौंपे गए आवेदन में किन्नरों ने आरोप लगाया कि भोपाल में सुरैया हाजी वर्षों से अपने हिंदू किन्नर शिष्यों को जोर जबरदस्ती इस्लाम ग्रहण करवा रही है। वह इन्हें मारना-पीटना, धमकाना, गोमांस खाने और फर्जी आधार कार्ड बनवाकर गलत काम करने पर मजबूर करती है। इन्होंने पूरे देश में 'किन्नर जिहाद' चला रखा है। हिंदू किन्नरों को जान माल का खतरा है।

## संपादकीय

### भारत-अमेरिका ट्रेड डील: बदलती शर्तें और रणनीतिक समीकरण

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को मुश्किल से एक सप्ताह हुए हैं, लेकिन इस दौरान करार में कई बदलाव देखने को मिले हैं। सबसे हाल का बदलाव दाल को लेकर है। अमेरिका ने फूड एंड एग्रीकल्चरल प्रोडक्ट्स की लिस्ट से दाल को हटा दिया है। साथ ही दोनों देशों के व्यापार समझौते की फैक्ट शीट में भी बदलाव किया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत अमेरिका से ज्यादा सामान खरीदना चाहता है और 500 अरब डॉलर से अधिक की एनर्जी, इनफॉरमेंशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, कोयला और दूसरे उत्पाद खरीदेगा। आइए जानते हैं वो 5 बड़े बदलाव के बारे में जो पिछले 10 दिनों में आए हैं सामने। पिछले 10 दिनों में सबसे बड़ा टैरिफ को लेकर देखने को मिला जिसके तहत अमेरिका की तरफ से भारतीय सामानों पर लगाए गए अतिरिक्त 'पेनल्टी टैरिफ' को खत्म कर दिया गया है। 7 फरवरी के बाद से प्रभावी हुए नए नियमों के तहत अमेरिका ने भारत पर लगने वाले प्रभावी टैरिफ को घटाकर 18% कर दिया है, जिससे भारतीय निर्यातकों को वियतनाम और मैक्सिको जैसे प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बाजार में बेहतर बढ़त मिलने की उम्मीद है। भारत अमेरिका के बीच ट्रेड डील की सबसे बड़ी शर्त 'एनर्जी' रही है। ट्रंप प्रशासन के मुताबिक भारत ने रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल इम्पोर्ट बंद करने या बहुत कम करने को लेकर रजामंदी जताई है। बताया जाता है कि भारत अपनी रूसी तेल खरीद को घटाकर 5-6 लाख बैरल तक लाने की तैयारी में है। पहले यह 1.7 मिलियन बैरल प्रतिदिन तक थी। रिपोर्ट के मुताबिक अब भारत अमेरिका और वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। रिलायंस और इंडियन ऑयल जैसी बड़ी कंपनियों ने अप्रैल 2026 की डिलीवरी के लिए रूसी तेल के नए ऑर्डर देना पहले ही बंद कर दिया है। वहीं अमेरिका ने भारत के रत्न, आभूषण और जेनेरिक दवाओं के लिए अपने बाजार के दरवाजे पूरी तरह खोल दिए हैं, जिससे भारत के फार्मा और ज्वेलरी सेक्टर को बड़ी राहत मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुए इस समझौते में भारत ने अमेरिका से 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 41 लाख करोड़ रुपये के सामान खरीदने का इरादा जताया है। इसमें हाईटेक और डेटा सेंटर, एयर इंडिया और इंडिगो जैसी कंपनियों के लिए बोइंग के सैकड़ों नए विमान और उनके पुर्जे और अमेरिका से भारी मात्रा में कोकिंग कोल (स्टील उत्पादन के लिए) और LNG की खरीद शामिल है। वहीं भारत ने इक्वलाइजेशन लेवी यानी डिजिटल सर्विस टैक्स के मुद्दे पर नरम रुख अपनाते हुए इसे धीरे-धीरे हटाने के संकेत दिए हैं। बताया जा रहा है कि इससे अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत में निवेश का माहौल और भी सुगम होगा। अमेरिका से ट्रेड डील में भारत ने अपने किसानों का ख्याल रखा है। भारत ने एक 'नेगेटिव लिस्ट' तैयार की है जिसके तहत कुछ वस्तुओं पर कोई भी टैक्स छूट नहीं दी जाएगी। मसलन डेयरी और मांस, गेहूं, चावल, मक्का और बाजरा। साथ ही जेनेटिकली मॉडिफाइड मक्का और सोयाबीन को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इससे साफ है कि अमेरिकी डेयरी कंपनियों या मांस उत्पादकों को भारतीय बाजार में उस तरह की पहुंच नहीं मिलेगी जिससे स्थानीय किसानों को नुकसान हो।

## ज्ञान-विज्ञान

### ● बच गया चिली का अटाकामा!

# 10 बिलियन डॉलर का प्रोजेक्ट रद्द, दुनिया के सबसे साफ आसमान को था खतरा



**खगोल वैज्ञानिक एक प्रोजेक्ट के रद्द होने का जश्न मना रहे हैं, जिसके बारे में दावा किया गया कि दुनिया के सबसे साफ आसमान को देखने से लोग वंचित हो सकते थे। ये आसमान चिली के अटाकामा रेगिस्तान का है। यह पृथ्वी पर सबसे शुष्क जगहों में से एक है, जहां साल के अधिकांश दिन आकाश साफ रहता है, जो इसे खगोलीय पर्यटन के लिए आदर्श बनाता है।**

### प्रोजेक्ट से क्या होता नुकसान?

इस प्रोजेक्ट से ईएसओ के पैरानल वेधशाला में लगे टेलीस्कोप ऑब्जर्वेशन्स को अपूरणीय नुकसान पहुंचता। हाल ही में इस प्रोजेक्ट को रद्द किया गया। इसके बाद खगोल वैज्ञानिकों का कहना था कि लाइट पॉल्यूशन (कृत्रिम रोशनी से होने वाले प्रदूषण) से सितारों को देखने में व्यवधान आता। वैज्ञानिक समुदाय ने इसे बड़ी जीत बताया है, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया के प्रमुख एस्ट्रोनॉमी साइट्स में से एक है।

### अटकामा में क्या था प्रोजेक्ट?

प्रस्तावित 10 बिलियन डॉलर, 3,000 हेक्टेयर की ग्रीन हाइड्रोजन और अमोनिया प्रोडक्शन केंद्र, जिसे आईएनएनए के नाम से जाना जाता है, में एक पोर्ट, तट तक ट्रांसपोर्ट लिंक और तीन सोलर पावर प्लांट शामिल थे, और चिली का पर्यावरण नियंत्रक लगभग एक साल से इसकी जांच कर रहा था। एस्ट्रोनॉमर्स ने बार-बार चेतावनी दी थी कि दुनिया के कुछ सबसे पावरफुल टेलिस्कोप के पास होने से इस इलाके को बहुत नुकसान होगा, जो जमीन पर आधारित एस्ट्रोनॉमी के लिए दुनिया की सबसे अच्छी जगह है।

### यूरोपियन सदर्न ऑब्जर्वेटरी ने जारी किया बयान

चिली में यूरोपियन सदर्न ऑब्जर्वेटरी (ईएसओ) के प्रतिनिधि, इत्जियार डी ग्रेगोरियो ने ब्रिटिश मीडिया आउटलेट द गार्डियन से कहा, 'इस प्रोजेक्ट के रद्द होने का मतलब है कि अब पैरानल ऑब्जर्वेटरी पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा,' जहां यह तीन टेलिस्कोप कॉम्प्लेक्स चलाता है। उन्होंने ये भी माना कि 'इस मेगाप्रोजेक्ट से यह बात सामने आई है कि चिली में उन जगहों के आसपास सुरक्षा उपायों की तुरंत जरूरत है जहां प्रोफेशनल एस्ट्रोनॉमी की जाती है। प्रोजेक्ट रद्द होने का मतलब यह नहीं है कि आसमान को बचाने का काम खत्म हो गया है।'

### चिली ने प्रोजेक्ट रद्द करने की पुष्टि की

चिली की एनवायर्नमेंटल इवैल्यूएशन सर्विस ने पुष्टि की है कि पिछले हफ्ते एईएस एंडेस (जिस कंपनी ने इस केंद्र का प्रस्ताव दिया था) के साथ मीटिंग के बाद, प्रोजेक्ट को अब आधिकारिक तौर पर वापस ले लिया गया है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी थी कि आईएनएनए फैसिलिटी लाइट पॉल्यूशन रीडिंग पर असर डालेगी। उन्होंने तर्क दिया कि एस्ट्रोनॉमी के लिए संभावित खतरनाक नतीजों को देखते हुए इस फैसिलिटी को ऑब्जर्वेटरी के इतने करीब रखने की कोई जरूरत नहीं थी।

### कंपनी ने भी जारी किया बयान

एईएस एंडेस, अमेरिकी कंपनी एईएस कॉरपोरेशन से संबंधित है। ये चिली, कोलंबिया और अर्जेंटीना में कोयला, गैस, हाइड्रोइलेक्ट्रिक, विंड और सोलर प्लांट लगाने के लिए जानी जाती है। कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा, 'अपने प्रोजेक्ट्स के विस्तृत विश्लेषण के बाद, आईएनएनए प्रोजेक्ट को रोकने का फैसला किया गया है।' 2020 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रेनहार्ड जेनजेल ने एक खुले खत में चिली सरकार से प्रस्तावित प्रोजेक्ट को खत्म करने का अनुरोध किया था।

New Delhi

# वंदे मातरम को लेकर नए नियम, राष्ट्रगान से पहले गाया जाएगा; खड़े होना अनिवार्य

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** वंदे मातरम को लेकर सरकार ने नए नियम जारी कर दिए हैं। इनके तहत राष्ट्रगान से तुरंत बाद 6 छंदों वाला वंदे मातरम गाया जाएगा। साथ ही कहा गया है कि इस दौरान सभी को खड़ा होना अनिवार्य होगा। गीत कुल 3 मिनट 10 सेकंड का है। खबर है कि नियमों में बताया गया है कि अगर राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत एक साथ गाए जाने हैं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा।

शुरू में वंदे मातरम की रचना स्वतंत्र रूप से की गई थी और बाद में इसे बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास आनंदमठ (1882 में प्रकाशित) में शामिल किया गया।



इसे पहली बार 1896 में कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने गाया था। राजनीतिक नारे के तौर पर पहली बार वंदे मातरम का इस्तेमाल 7 अगस्त 1905 को किया गया था। 1950 में संविधान सभा ने इसे भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया।

क्या हैं नियम

वंदे मातरम को कई आधिकारिक कार्यक्रमों में गाया जाना अनिवार्य किया गया है। इनमें ध्वजारोहण के दौरान, कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आने से पहले और जाने के बाद, राज्यपालों के आने से पहले और जाने के बाद शामिल है। पद्म पुरस्कार जैसे समारोहों के दौरान भी वंदे मातरम गाया जाना जरूरी है। इसके अलावा सरकार ने कार्यक्रमों की सूची भी जारी की है।

Punjab

# पंजाब में यूपी और बिहार के मजदूरों पर फायरिंग, दो घायल

## बंबीहा गैंग की धमकी भी आई

**मोगा, (एजेंसी)** पंजाब में यूपी और बिहार के मजदूरों पर फायरिंग की घटना सामने आई है। इस घटना को दो से तीन नकाबपोश बदमाशों ने अंजाम दिया। इन लोगों ने पंजाब के मोगा जिले में उस वक्त मजदूरों पर हमला किया, जब वे मिल से मजदूरी करके लौट रहे थे। इस घटना के बाद पंजाब में प्रवासी मजदूरों और स्थानीय लोगों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है। बीते कुछ महीनों में ऐसे वाकये सामने आए थे, जब बाहरी लोगों को राज्य से बाहर निकलने के फरमान जारी कर दिए गए। अब तक मिली जानकारी के अनुसार यह घटना मंगलवार की सुबह हुई थी, जब राइस मिल से मजदूर 11 बजे वापस लौट रहे थे। मौके पर मौजूद लोगों से मिली जानकारी के अनुसार तीन नकाबपोश बदमाशों ने इन मजदूरों को निशाना बनाते हुए हमला किया। तीन से चार गोलियां दागी गईं, जिनमें दो मजदूर घायल हो गए। इलाके के लोगों का कहना है कि शायद इस घटना को अंजाम देने से पहले रेकी की गई थी। इलाके में वे बदमाश तीन से चार बार आए थे और फिर अंत में फायरिंग करके तुरंत ही भाग निकले। कुछ खबरों के मुताबिक बंबीहा गैंग ने प्रवासी लोगों को धमकी भी दी है। हमले में घायल मजदूरों की पहचान अशोक कुमार और सुबोध के रूप में हुई है। दोनों ही यूपी के रहने वाले हैं। उनके पैरों में गोलियां लगी हैं और उनका मोगा के ही सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। इन मजदूरों ने मिल में काम सुबह ही शुरू कर दिया था। ये लोग 11 बजे के आसपास कुछ खाने के लिए बाहर निकले थे और इसी दौरान हमले का शिकार हो गए। पंजाब पुलिस का कहना है कि इसे हेट क्राइम नहीं माना जा सकता। इस घटना से संबंधित एक वीडियो भी इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है।

Rajasthan

# दौसा में कार-ट्रक की भीषण टक्कर, छह लोगों की हुई दर्दनाक मौत

**दौसा, (एजेंसी)** दौसा जिले में एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार छह युवकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह हादसा मंगलवार देर रात हुआ, जब सभी युवक अभानेरी गांव में एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि कार चालक का नियंत्रण गाड़ी से हट गया, जिसके बाद कार डिवाइडर तोड़ते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही छह लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान अंकित, समय सिंह, लोकेश, नवीन, दिलखुश और मनीष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सभी मृतक आपस में दोस्त थे और दौसा के कल्खो गांव के रहने वाले थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अस्पताल भिजवाया। मामले की जांच की जा रही है।

Delhi NCR

# पूर्व कैग अफसर को पत्नी सहित 18 दिन डिजिटल अरेस्ट रखा, गिरफ्तारी का डर दिखा 2.13 करोड़ ठगे

**बल्लभगढ़, (एजेंसी)** गुड़गांव में साइबर ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त कैग अधिकारी और उनकी पत्नी को साइबर ठगों ने मनी लॉन्ड्रिंग का फर्जी आरोप लगाकर 18 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा और गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनके खातों से कुल 2.13 करोड़ रुपये ठग लिए। साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-64सी निवासी पीड़ित इंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि 13 जनवरी को उन्हें वाट्सएप कॉल के जरिए ठगों ने संपर्क किया और खुद को सीबीआई, ईडी और मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताकर डराया। ठगों ने कहा कि उनके साथ मनी लॉन्ड्रिंग का एक मामला जुड़ा है और नरेश गोयल नामक व्यक्ति से 20 लाख रुपये की मांग की जा रही है। ठगों ने पीड़ित दंपति पर वीडियो कॉल के जरिए लगातार निगरानी रखी



और फर्जी लेटरहेड पर ईडी, सीबीआई और सुप्रीम कोर्ट के दस्तावेज दिखाकर गिरफ्तारी और संपत्ति जब्त करने की धमकी दी। उन्हें घर से बाहर निकलने और किसी से बात करने से भी मना किया गया। डर और मानसिक दबाव के चलते पीड़ित ने अलग-अलग बैंक खातों में कुल 2 करोड़ 13 लाख 16 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगी का अहसास होने पर इंद्र कुमार ने 9 फरवरी को साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज कराई।

खेल

# क्या नामीबिया के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे अभिषेक शर्मा? बुमराह ने किया अभ्यास, वॉशिंगटन टीम से जुड़े





**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत को टी20 विश्व कप में गुरुवार को नामीबिया के खिलाफ मैच खेलना है। इससे पहले टीम के लिए एक चिंता की खबर सामने आई है। अभिषेक शर्मा ने मंगलवार को ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। अभिषेक के पेट में कुछ समस्या है जिस कारण उनके नामीबिया के खिलाफ खेलने पर संशय पैदा हो गया है। भारत ने ग्रुप ए के अपने पहले मैच में अमेरिका को हराया था।**

भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डस्काटे ने नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले कहा, 'वॉशिंगटन कल टीम के साथ जुड़ गए थे और मंगलवार को उन्होंने अभ्यास भी किया है। अभिषेक को अभी भी पेट में कुछ समस्या है, लेकिन हमें उम्मीद है कि वह मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि इसमें अभी कुछ दिन का समय है। बुमराह ने 10 दिन तक गेंदबाजी नहीं की थी, लेकिन अब वह काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं और उनका मूवमेंट अच्छा है। हम अभ्यास के बाद टीम को अंतिम रूप देंगे।'

भारत के लिए राहत की बात यह है कि टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह फिट हो गए हैं और उन्होंने अभ्यास सत्र में पूरे दमखम से हिस्सा लिया। उन्होंने शुरुआत में हल्की दौड़ लगाई और फिर स्पाइक्स (क्रिकेट के विशेष जूते) बदलने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव को पूरी रफ्तार से गेंदबाजी की। बुमराह ने इस दौरान भारतीय कप्तान को अपनी रफ्तार से चकमा देते हुए बोल्ड भी किया।

अभ्यास सत्र के दौरान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए। दोनों ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को सहजता से खेला। तिलक ने इस दौरान लगभग 100 मीटर लंबा छक्का भी लगाया। चोट वापसी कर रहे ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर संभल कर क्षेत्ररक्षण अभ्यास करते हुए दिखे। उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। वॉशिंगटन ने बाद में तिलक वर्मा को गेंदबाजी भी की। अभिषेक बीमारी से उबर रहे हैं, वॉशिंगटन धीरे-धीरे वापसी की ओर है और बुमराह के पूरी लय में लौटने के साथ भारतीय टीम प्रबंधन के सामने मैच से पहले कुछ अहम चयन फैसले लेने की चुनौती है।

सिनेमा

# धुरंधर सिंगर जैस्मीन ने लड़कियों के साथ छेड़छाड़ देख बीच में रोका शो, बोलीं- मैं नहीं गाऊंगी अगर...



धुरंधर सिंगर जैस्मीन सैंडलस का एक वीडियो लोगों का दिल जीत रहा है। इस वीडियो में उन्होंने लड़कियों के सपोर्ट में कुछ ऐसा किया कि खूब तारीफ हो रही है। दरअसल वह एक शो कर रही थीं जिसमें भीड़ में लड़कियों के साथ छेड़छाड़ होने लगी। जैस्मीन ने तुरंत सिक्योरिटी को कॉल किया और बोलीं कि अगर कुड़ियां सेफ नहीं हैं तो वह गाएंगी ही नहीं। शो कुछ देर के लिए रुका लेकिन जैस्मीन जो बोलीं उस पर जमकर तालियां मिलीं। जैस्मीन सैंडलस ने धुरंधर के गानों से लोगों के दिलों में जगह बना ली है। उनके गाने शरारत पर लोग जमकर थिरके। जैस्मीन सिटी टूर कर रही हैं। बीते दिनों वह दिल्ली में थीं। उनके शो के दौरान अचानक से बवाल शुरू हो गया। जैस्मीन रुकीं और बोलीं, सिक्योरिटी क्या आप प्लीज इन दो लड़कों को हटा सकते हैं। उन्होंने भीड़ में बदतमीजी कर रहे लड़कों की तरफ इशारा किया। लड़कियों को तंग कर रहे हैं। फिर जैस्मीन क्राउड की तरफ घूमकर बोलीं, अगल लड़कियां सेफ फील नहीं करती हैं तो हमसे गाया ही नहीं जाता है। जैस्मिन के ऐसा बोलते ही भीड़ ने उनका जोर की आवाज के साथ सपोर्ट किया।

Highlights

1. 120 students hospitalised after deworming drive in UP
2. Cop dies of cardiac arrest during anti-crime operation in Punjab
3. 53 migrants, including infants, drown as boat capsizes off Libya
4. Telangana man dies by suicide in alleged cyber blackmail case
5. White House quietly revises India-US factsheet a day after release
6. Contractor in Delhi biker death case gets protection from arrest

# White House amends India-US trade deal fact sheet to 'adjust' language



**NEW DEIHI, (Agency).** The White House has revised its fact sheet on the India-US trade deal, removing a reference to pulses and adjusting language around New Delhi's offer to buy more American goods.

In a previous version of the India-US trade deal fact sheet, the White House said that India would "eliminate or reduce tariffs" on a wide range of US food and agricultural products, including certain pulses—a category that includes lentils and chickpeas. The updated statement no longer mentions the crops.

Neither pulses nor the broader reference to additional purchases appeared in the joint statement issued by the two nations on 6 February.

India-US trade deal fact sheet: The changes

1. Previously: "India committed to buy more American products and purchase over $500 billion of US energy, information and communication technology, agricultural, coal, and other products."

Revised: India "intends" to buy more American products and omits the term "agricultural" from the list of product categories.

2. Previously: "India will eliminate or reduce tariffs on all US industrial goods and a wide range of US food and agricultural products, including dried distillers grains, red sorghum, tree nuts, fresh and processed fruit, certain pulses, soybean oil, wine and spirits, and additional products."

Revised: The updated version removes the reference to "certain pulses".

3. Previously: "India will remove its digital services taxes" and "committed to negotiate a robust set of bilateral digital trade rules that address discriminatory or burdensome practices and other barriers to digital trade".

Revised: No mention of "India will remove its digital services taxes", says "India committed to negotiate a robust set of bilateral digital trade rules".

On 6 February, New Delhi and Washington D.C. released a joint statement that defined the contours of the India-US trade deal, which reduces the tariff on Indian goods to 18% from 25% and removes the punitive 25% imposed over India's purchase of Russian crude.

In return, India intends to purchase $500 billion of US energy products, aircraft and aircraft parts, precious metals, technology products, and coking coal over the next 5 years.

# Neural Dispatch: Perplexity's Model Council, Meta's Avocado and Super Bowl ads

**NEW DEIHI, (Agency).** Cognitive warmup. A few thoughts to start off with. Random, unrelated musings, but wanted to get these off my chest.

It was in August of 2025 when AI startup Perplexity made a cheeky $34.5-billion bid to buy the Chrome browser from Google. Aravind Srinivas was all over social media feeds, and you wouldn't have been criticised for feeling he's larger than life (and that Perplexity is awesome). Here we are, six months later, and the latest peep we have heard from Perplexity is the Model Council.

How times change, when a bubble is to



be kept inflated.

Secondly, it is being reported that Nvidia Corp. will pause new gaming GPU releases in 2026. The reason? A global memory chip shortage is believed to be the reason. You don't say, Nvidia? The same shortage (and driving up prices, mind you) that you played a big role in causing?

ALGORITHM- This week, on Neural Dispatch: Deliberating Perplexity's AI Model Council Understanding Anthropic's Opus 4.6 model Meta Platforms's Avocado diet. A council of AI models, deliberating your query. Perplexity's Model Council, which the AI company dubs a multi-model research feature that brings several models together for one answer, is perhaps that push for that subjective relevance and accuracy for specific queries, which should've been tackled much earlier.

### दूषित पानी से मौतों की संख्या 35 हुई

# 75 वर्षीय बुजुर्ग और दो साल की बच्ची ने तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में दूषित पानी से दो और मौत हुई हैं। 75 साल के बुजुर्ग शालिग्राम ठाकुर की सोमवार रात और दो साल की बच्ची रिया की मौत मंगलवार को सुबह हुई। गंदे पानी से अब तक कुल 35 लोगों की जान जा चुकी है।**

शालिग्राम की बेटी मोना बघेल ने बताया कि 2 जनवरी को उलटी-दस्त के कारण शेल्बी हॉस्पिटल में रेफर किया गया था। वहां से उन्हें बॉम्बे हॉस्पिटल में एडमिट किया। इसके बाद वे वेंटिलेटर पर ही थे। करीब 12 दिन पहले उन्हें डिस्चार्ज किया गया था। परिजन का कहना है कि 18 साल पहले उन्हें लकवा हुआ था। इसके अलावा कोई तकलीफ नहीं थी। उधर, बॉम्बे हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर राहुल पाराशर ने बताया कि मरीज को शुरू से ही कार्डियक की तकलीफ थी। वहीं, दो साल की बच्ची रिया



पिता सूरज प्रजापति की मंगलवार सुबह 4:30 बजे मौत हुई। 27 दिसंबर को उलटी-दस्त के कारण परिजन ने उसे एक प्राइवेट अस्पताल में दिखाया था। इसके बाद हालत ठीक हुई, लेकिन बाद में फिर बिगड़ती गई। 15 दिन पहले रिया को चाचा नेहरू अस्पताल में एडमिट किया गया था। यहां उसके लिवर में तकलीफ बताई गई थी। इसके बाद उसे सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल में एडमिट किया गया, जहां करीब 5 दिन बाद उसकी मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि दूषित पानी के कारण ही तबीयत बिगड़ी। उसका असर लिवर तक हुआ। 57 वर्षीय एक महिला गंभीर जीबीएस (गुइलेन बैरे सिंड्रोम) से जूझ रही हैं। हालांकि इस मरीज को जीबीएस होने का स्वास्थ्य विभाग खंडन कर चुका है, लेकिन परिजन का कहना है कि इसी बीमारी के कारण उन्हें HDU (High Dependency Unit) में एडमिट किया गया है। दरअसल, दूषित पानी के कारण इस महिला की हालत 28 दिसंबर को बिगड़ी थी। पहले उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। इसके बाद 2 जनवरी को दूसरे बड़े हॉस्पिटल में रेफर किया गया। इस तरह करीब डेढ़ माह से इलाज चल रहा है। इस बीच हालत गंभीर होने पर 20 दिन से ज्यादा समय तक वह आईसीयू, वेंटिलेटर पर भी एडमिट रही। परिजन के मुताबिक, अभी ठीक होने में समय लगेगा।

### वैष्णोदेवी दर्शन करने गया था परिवार

# घर में हो गई 60 लाख की चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बाणेश्वरी कुंड के पास स्थित डागर मोहल्ले में सनसनीखेज चोरी का मामला सामने आया है। यहां रहने वाले एक दंपति जब वैष्णोदेवी की धार्मिक यात्रा से वापस लौटे तो उनके होश उड़ गए। चोरों ने उनके बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवर और बड़ी मात्रा में नकदी पर हाथ साफ कर दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान मालिक विनोद यादव और उनकी पत्नी मनीषा यादव पिछले कुछ दिनों से वैष्णोदेवी यात्रा पर गए हुए थे। इस दौरान उनका घर पूरी तरह से सूना था। सोमवार को जब यह दंपति इंदौर वापस पहुंचा और अपने घर का दरवाजा खोला तो उन्हें अंदर का सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। अलमारियों के ताले टूटे हुए थे और कीमती सामान गायब था। पीड़ित परिवार ने जब घर के भीतर कीमती सामान की पड़ताल की तो पाया कि अलमारी में रखे लगभग 25 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण गायब थे। इतना ही नहीं चोरों ने वहां रखी 35 लाख रुपये की भारी-भरकम नकदी भी पार कर दी थी। कुल मिलाकर इस चोरी की वारदात में करीब 60 लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि विनोद यादव का रामनगर क्षेत्र में एक प्लॉट था जिसे उन्होंने हाल ही में बेचा था। इस सौदे के एवज में उन्हें 35 लाख रुपये नकद प्राप्त हुए थे। दंपति ने यह राशि किसी अन्य संपत्ति में निवेश करने के उद्देश्य से घर की अलमारी में सुरक्षित रखी थी।

## महू इन्फेंट्री के कम्प्यूटर ऑपरेटर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमजी रोड इलाके में मंगलवार को महू के इन्फेंट्री के कम्प्यूटर ऑपरेटर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह नंदलाल पुरा इलाके में बच्चों के लिए कच्चे फिंगर खरीद रहे थे। इसी दौरान गश खाकर गिर गए।**

पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार करीब साढ़े तीन बजे की है। अतीफ(52)पुत्र वाहिद निवासी नयापुरा नंदलालपुरा राहुल जैन की सेहत पापड़ दुकान से फिंगर खरीद रहे थे। इस दौरान वह गश खाकर गिर गए। वहां मौजूद लोगों ने डॉयल 112 पर सूचना की। पुलिस अपनी गाड़ी से उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची। यहां डॉक्टरों ने उसे चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में परिवार को सूचना दी है। बुधवार को अतिफ का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वह महू इन्फेंट्री में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ थे। उनके परिवार दो बेटे एक बेटी है।

वहीं, बाणगंगा इलाके में राकेश लिंगा(50)ने सोमवार को जहर खा लिया था। उसे उपचार के लिए एमवाय में भर्ती कराया गया था। यहां उनकी मौत हो गई। राकेश सिक्योरिटी इंजार्च का काम करते थे। उनके परिवार में दो बेटे है। जिसमें बड़ा बेटा भोपाल में 12 की पढ़ाई कर रहा है। मंगलवार को उसका पेपर था, लेकिन पिता की मौत के बाद उसे इंदौर आना पड़ा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक